[illegible]

आगे बढ़ता उत्तर प्रदेश

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
New India's Growth Engine

उत्तर प्रदेश अपनी शानदार विकास यात्रा के साथ किस शिखर पर पहुंच चुका है, यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के रूप में इसे दुनिया देखा। एक दौर में जब निवेशक उत्तर प्रदेश की ओर रुख करने से भी हिचकते थे, वही आज यहां की बदली तस्वीर से मंत्रमुग्ध हैं। समिट में 33.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए। तकनीक, पर्यटन, कृषि, हेल्थ, रक्षा समेत तमाम बड़े सेक्टरों में उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए संभावनाओं का प्रदेश बन गया है। बड़े पैमाने पर रोजगार के लिए द्वार खुल गए हैं। सकारात्मक सोच को यदि सरकार का सहयोग मिले तो अपनी मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और यह यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लगी स्टार्टअप स्टालों की प्रदर्शनी में देखा जा सकता है। इसमें उत्तर प्रदेश का वह चेहरा है, जो नई सोच रखता है और आगे बढ़कर प्रदर्शन में विश्वास रखता है।

[illegible]

[illegible]

शीर्ष 10 क्षेत्र जिनमें आए सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव

क्षेत्र	निवेश	कुल एमओयू	रोजगार सृजन
रिन्यूएबल एनर्जी	4.47 लाख करोड़ रुपये	144	1,11,374
लाजिस्टिक्स एंड वेयरहाउसिंग	1.59 लाख करोड़ रुपये	249	1,95,294
इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग	3.58 लाख करोड़ रुपये	151	1,67,788
रियल एस्टेट	1.24 लाख करोड़ रुपये	492	8,86,799
इंडस्ट्रियल पार्क	3.28 लाख करोड़ रुपये	2,020	11,98,349
आइटी इनेबल सर्विसेज	1.12 लाख करोड़ रुपये	92	1,98,526
उच्च शिक्षा	2.57 लाख करोड़ रुपये	64	7,82,528
टूरिज्म	0.98 लाख करोड़ रुपये	397	2,60,040
मैन्यूफैक्चरिंग	1.97 लाख करोड़ रुपये	7,711	15,49,168
टेक्सटाइल	0.54 लाख करोड़ रुपये	1,092	2,46,808

प्रदेश में क्षेत्रवार निवेश

पश्चिमांचल उत्तर प्रदेश
14.81 लाख करोड़ रुपये
कुल एमओयू : 8,389

पूर्वांचल उत्तर प्रदेश
9.54 लाख करोड़ रुपये
कुल एमओयू : 5,406

मध्यांचल उत्तर प्रदेश
4.27 लाख करोड़ रुपये
कुल एमओयू : 4,424

बुंदेलखंड
4.27 लाख करोड़ रुपये
कुल एमओयू : 424

[illegible]
— मुकेश अंबानी





इस समय उत्तर प्रदेश में निवेश लेने वाली स्थिर सरकार कार्यरत है। राजनीतिक परिवेश की स्थिरता तथा प्रशासन की निरंतरता, निवेशकों के लिए बहुत सहायक सिद्ध होती है। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के जो प्रयास किए गए हैं, उनके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई की संख्या लगभग 95 लाख है, जो देश में सबसे अधिक है। मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश का एमएसएमई सेक्टर, बहुत बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देते हुए भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

–द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति, भारत

दुनिया के बड़े-बड़े देशों से भी ज्यादा सामर्थ्य, अकेले उत्तर प्रदेश में है। पूरे भारत की उत्तर ही अकेले उत्तर प्रदेश में एक बहुत बड़ी एनिवायरनमेंट सोसाइटी आपका इंतजार कर रही है। बिजली से लेकर कनेक्टिविटी तक हर क्षेत्र में सुधार आया है। बहुत जल्द उत्तर प्रदेश भारत के उन इकलौते राज्य के तौर पर भी जाना जाएगा, जहां 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से पूर्वी सीधे समुद्र से जुड़ गया है। नई पैत्तृ और सपनाई पैन विकसित करने के लिए पूर्वी आज एक नया वैश्विक इनवेस्टर बनकर उभर रहा है। परंपरा और आधुनिकता से जुड़े उद्योगों का, एमएसएमई का एक बहुत ही सशक्त नेटवर्क आज उत्तर प्रदेश में मौजूद है।

–नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत

पिछले 6 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में जो सकारात्मक परिवर्तन आया है, आज वह जमीनी धरातल पर दिखाई दे रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व और मार्गदर्शन में, उत्तर प्रदेश 'बीमारू राज्य' के रूप से मुक्त होकर 'देश के ग्रोथ इंजन' के रूप में स्थापित हुआ है। हम लोगों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के माध्यम से आने परंपरागत उद्यम को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब एक साथ सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है।

–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

कुल निवेश

33.50

लाख करोड़ रुपये से अधिक

कुल रोजगार सृजन

93 लाख से अधिक

कुल एमओयू

19 हजार से अधिक

रिलायंस समूह करेगा 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस निवेश से प्रदेश में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग दो लाख लोगों को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने दो पूर्वी एक्सप्रेस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के उद्घाटन समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि रिलायंस समूह वर्ष 2019 से अब तक प्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हुए मुकेश अंबानी ने विश्वास जताया कि पूर्वी यूपी के युवाओं को भी रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रिलायंस उत्तर प्रदेश में 10 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजना स्थापित करेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। कंपनी ने पूर्वी में अपनी गैस एजेंसी के जरिए 17 शहरों को गैस पहुंचाई थी। गांवों और छोटे शहरों में किफायती निवेश और रोजगार सृजन के लिए अंबानी ने जियो फर्मेशनों के माध्यम से दो एकमात्र टेलीकॉम, जियो-मकान और जियो एसएफ-डाकघर को भी घोषणा की।

2023 के अंत तक पूरी की जाएगी ये परियोजना



टाटा ग्रुप उत्तर प्रदेश में करेगा अपनी कंपनियों का विस्तार

टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने गिरोही ने उत्तराखंड मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की सिंह करते हुए कहा कि भारत के विकास की दिशा 360 डिग्री है और इसमें 360 डिग्री भारत का भागीदार बन रहा है। यूपीडीए-23 के उद्घाटन सत्र में टाटा समूह के चेयरमैन ने राज्य सरकार के साथ-साथ राज्य के मजबूत निवेशों का जिक्र करते हुए उत्तर प्रदेश में मुख्य अवसर जानकारी और मजबूत यूनिवर्सिटी सपोर्ट के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

एन चंद्रशेखरन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की मौजूदगी का लंबा इतिहास रहा है। आज पूरे में टाटा समूह की 34 कंपनियों में 50,000 से ज्यादा लोग काम करते हैं। जिसमें पूरा उन्हें में विशेषित पूर्व निवेश फैलाने वालीन के बाद हम यूपी में अपनी लगभग कंपनियों में विस्तार कर रहे हैं। रामायण के पश्चात से देवरहा में हम भारी निवेश कर रहे हैं।

25 हजार करोड़ रुपये निवेश करेगा आदित्य बिड़ला समूह

देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में से एक आदित्य बिड़ला समूह उत्तर प्रदेश में 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान यह प्रस्ताव रखा। इसके बाद उत्तर प्रदेश के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समूह ने पहले चरण में 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इसमें पूर्वी यूपी का व्यापक योगदान है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास हो रहा है। पूर्वी में यहीं का व्यापार किया जा रहा है। बेहतर और एक्सप्रेस का एक हो। सरकार सुनियोजित पूर्वांचलों पर ध्यान दिया जा रहा है। इन सभी सुधार विकास में पूर्वी पूरा ध्यान दिया है।

उन्होंने विभिन्नों पर निवेश किए प्रदेश का उल्लेख किया और कहा, पूर्वी में निवेश के लिए यहां सकारात्मक माहौल है, जो निवेशकों के

- सीमेंट प्लांट सिंटेक्स, केमिकल, कार्बन्स मार्केट और लाइफ साइंस इन-क्षेत्र में होगा निवेश



समूह का निवेश से रोजगार के अवसर सृजित होंगे। निवेशों से (अक्टूबर, 2022) तक पूर्वी में 1.1 विनिर्माण संयंत्र एकीकृत आरंभ। यह निवेश से रोजगारों में सकारात्मक है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को एवं राज्यों के लिए निवेशक बताया और पूर्वी के उत्तर विकास समूह के पूर्वांचल निवेश को भी साझा किया।



आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की आधारशिला बनी ओडीओपी योजना

उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2018 में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की शुरुआत की थी और आज इसे दुनिया भर में पहचान मिली है। ओडीओपी को बढ़ाने के लिए कई रोजगारोन्मुखी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। ओडीओपी योजना को लागू करने के साथ-साथ सभी 75 जिलों के उत्पादों को विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी चल रहे हैं। ओडीओपी योजना को शुरू करने के पीछे योगी सरकार की बड़ी सोच यह थी कि उत्तर प्रदेश के जिलों में बनने वाले परंपरागत उत्पादों का न केवल बेहतर संरक्षण किया जाए, बल्कि उनको बड़ा बाजार दिया जाए।

इसके लिए उत्पादों की ब्रांडिंग की जरूरत थी, जिसका जिम्मा इस योजना के जरिये योगी सरकार ने उठाया। जिलों में परंपरागत उत्पादों को बनाने से जुड़े लघु और कुटीर उद्योगों को आर्थिक सहायता दिलाई गई, बाजार उपलब्ध कराया गया और विदेश तक उनकी ब्रांडिंग हुई। कुछ वर्षों की इस यात्रा ने 80,000 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया है जो एक बड़ी उपलब्धि है। सभी जिलों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करा रहा है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी योगी सरकार की यह योजना छाई रही। उत्तर प्रदेश के हुनर को दुनिया ने देखा। कानपुर के चमड़ा उद्योग से लेकर मेरठ में बनने वाले खेल के सामान, पीतल के बर्तनों पर मुरादाबाद के कारीगरों की कारीगरी, हैंड क्राफ्ट के कई और नमूने आकर्षण का केंद्र बने। ओडीओपी योजना के जरिये न जाने कितने ही लोग सफलता की कहानी लिख चुके हैं। सही मायने में यह आत्मनिर्भर बनते उत्तर प्रदेश की कहानी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने समिट में ओडीओपी से संबंधित सफलता की कहानियों का संग्रह 'ओडीओपी कैटलाग' भी जारी किया।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की झलकियां



ADVERTORIAL